# कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर – 02

पत्रांकः 161 /शैक्षिक/वि0प0 चतुर्थ बैठक/2019 दिनांकः मई जून 01, 2019

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक मई 29, 2019 दिन बुधवार प्रातः 11:30 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्तः**

**बैठक में निम्नवत् उपस्थित हुएः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री मनोज कुमार, निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, कानपुर, प्रतिनिधि सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 4. | डा0 पी0के0एस0 यादव, सह0 अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, गणित एवं रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 आर0 के0 शुक्ला, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज एवं प्रभारी, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 के0 एम0 महापात्रा, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 कृष्ण राज, अधिष्ठाता, उद्भवन हब एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आशवासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 प्रमोद कुमार, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 यदुवीर सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 विभाग एवं सह0 अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 आर0के0 त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, आयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | प्रो0 पी0के0 कमानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | डा0 एस0के0शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | डा0 बन्दना निगम, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | श्री जे0बी0 बाजपेयी, सहायक कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | डा0 अनिता यादव, प्रभारी ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 23. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 24. | डा0 विवेक कुमार, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 25. | श्री जमील अहमद, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 26. | प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप एवं विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 पी0एस0 घोष्दस्तीदार, निदेशक, भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान, कानपुर के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 2. | प्रो0 तपोव्रत लहरी, भारतीय सूचना प्रोद्यौगिकी संस्थान, इलाहाबाद के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अनुपम, भारतीय सूचना प्रोद्यौगिकी संस्थान, लखनऊ के प्रतिनिधि | सदस्य |
| | **कार्य परिषद् द्वारा नामित शैक्षणिक श्रेष्ठता प्राप्त पांच विशेषज्ञ** | |
| 4. | प्रो0 देबव्रत गोस्वामी, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 एस0एन0 सिंह, कुलपति, एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 शिशिर सिन्हा, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 पुलक मोहन पाण्डेय, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 मनीष गौर, निदेशक, सेन्टर फार एडवान्स स्टडीज, ए0के0टी0यू0, लखनऊ। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 राजीव गुप्ता, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0 विभाग एवं बायोकेमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

मा0 कुलपति महोदय द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की चतुर्थ बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 4.01** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 13/12/2018 को सम्पन्न तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद ने दिनांक 13.12.2018 को विश्वविद्यालय की सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 4.02** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 13/12/2018 को सम्पन्न तृतीय बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद ने तृतीय बैठक की कृत कार्यवाही पर निम्न निर्णय लिये:

मद सं0 3.02 पर शैक्षिक सम्परीक्षा के सम्बन्ध में परिषद ने निर्देश दिया कि संयोजक सभी विभागाध्यक्षों से अपेक्षित सूचना दिनांक जून 15, 2019 तक प्राप्त कर शैक्षिक सम्परीक्षा का कार्य माह जून 2019 के अन्त तक सम्पन्न करा ले। परिषद् द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि शैक्षिक सम्परीक्षा कार्य हेतु शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता के दृष्टिगत विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश दिया जाये।

मद सं0 3.04 पर विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग द्वारा लेदर टेक0 पाठ्यक्रम में छात्रों की अभिरूचि बढ़ाने के दृष्टिगत किये गये बदलाव एवं विभागीय छात्रों के शत प्रतिशत सेवायोजन पर हर्ष व्यक्त किया गया।

मद सं0 3.06 पर परिषद् ने अपेक्षा की कि सभी विभाग अपने छात्रों के सेवायोजन की स्थिति में सुधार हेतु अपने स्तर पर अतिरिक्त प्रयास करना सुनिश्चित करें।

**मद सं0 4.03** **विश्वविद्यालय के छात्रों के Course Structure एवं Evaluation Scheme सम्बधित बी0टेक0 / एम0टेक0 / एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों के विभागों की बोर्ड आफ स्टडीज की संस्तुतियों को परिषद के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने संशोधित BOS की Evaluation Scheme एवं Course Structure तथा Subject Code की छायाप्रति परीक्षा नियंत्रक को प्रेषित करने एवं छात्रों का परीक्षाफल तद्नुसार ही घोषित किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 4.04** **विश्वविद्यालय के बी0टेक0 / एम0सी0ए0 / एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 कोर्स के अध्यादेश (Ordinance) एवं अर्हता की संस्तुतियों को परिषद के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के बी0टेक0 / एम0सी0ए0 / एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 कोर्स के अध्यादेश (Ordinance) एवं अर्हता की संस्तुतियों का संज्ञान लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया।,

**मद सं0 4.05 विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2018–19 एवं 2019–20 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने सेवायोजन की स्थिति पर अपना संतोष व्यक्त किया और अपेक्षा की कि सेवायोजन विभाग द्वारा अतिरिक्त प्रयास किये जाये जिससे कि सेवायोजन की स्थिति को और सुदृढ़ किया जा सके।

**मद सं0 4.06 विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के शैक्षिक सत्र 2018–19 के परीक्षाफल का विश्लेषण एवं परीक्षा परिषद् (Board of Examination) की विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद् ने परीक्षा समिति की दिनांक 26.02.2019, 15.04.2019 एवं 23.05.2019 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया। परिषद् ने यह भी अपेक्षा की कि विश्वविद्यालय के सभी छात्रों, शिक्षकों, कक्ष निरीक्षकों एवं उड़न दस्ता सदस्यों को नये दिशा–निर्देशों से अवगत कराया जाये एवं आपत्तियाँ / सुझाव प्राप्त करते हुए प्रभावी बनाया जाये।

**मद सं0 4.07 विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की बैठकों से सम्बन्धित कार्यवृत्त पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने प्रवेश समिति की दिनांक 21.01.2019 एवं 21.05.2019 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 4.08 विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता / विभागाध्यक्षों की बैठक (शैक्षिक क्रिया कलाप से सम्बन्धित) के कार्यवृत्त पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष की बैठक दिनांक 27.05.2019 के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 4.09 विश्वविद्यालय में बी0टेक0 / एम0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों की प्रस्तावित सीट मैट्रिक्स एवं ई0डब्लू0एस0 सीटों की गणना पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने बी0टेक0 / एम0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों की सीट मैट्रिक्स एवं ई0डब्लू0एस0 सीटों की गणना पर पर अपना अनुमोदन प्रदान किया। ई0डब्लू0एस0 सीटों को विश्वविद्यालय में लागू किये जाने के फलस्वरूप होने वाली वृद्धि से शासन को अवगत कराने एवं तद्नुसार फैकल्टी / स्टाफ इत्यादि की गणना के अनुरूप वृद्धि का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित करने का निर्देश दिया।

**मद सं0 4.10** **आगामी शैक्षिक सत्र 2019–20 के लिए विश्वविद्यालय के शैक्षिक कैलेण्डर पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने शैक्षिक सत्र 2019–20 के लिए विश्वविद्यालय के शैक्षिक कैलेण्डर लागू किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 4.11** **शैक्षिक सत्र 2016–17 के प्रवेशित छात्र श्री अरूण कुमार रोल नं0 1604540014 बी0टेक0 मैकेनिकल इंजी0 के छात्र को तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के कोर्स के अध्ययन करने के सम्बन्ध में विचार।**

श्री अरूण कुमार (रोल नं0 1604540014) Ex-student, मैकेनिकल इंजी0 विभाग के सम्बन्ध में गठित समिति के द्वारा दी गयी संस्तुति पर परिषद् ने अपना अनुमोदन प्रदान किया। परिषद् ने छात्रहित में तदानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

**मद सं0 4.12** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019–20 में एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता के सम्बन्ध में एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 के अध्यादेशों में संशोधन करने के सम्बन्ध में विचार।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019–20 में एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता के सम्बन्ध में गठित समिति के द्वारा दी गयी संस्तुति पर अनुमोदन प्रदान किया। परिषद् ने तदानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

**मद सं0 4.13** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के प्रवृत्त होने के उपरान्त उपाधि के लिए अर्ह सभी छात्र / छात्राओं को उपाधि प्रदान के करने के लिए दीक्षान्त समारोह आयोजित करने के निर्देश दिये।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

**(आनन्द कुमार)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्

**(नरेन्द्र बहादुर सिंह)**
कुलपति एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद्